लखनऊ | वर्ष 14 | अंक 34 | मूल्य ₹ 3.00/- | पेज 12 | सोमवार | 14 नवम्बर, 2022
@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

किसान मेले के दौरान ग्रामीणों को दी गई जल संरक्षण की जानकारी

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दलीपनगर के गांव सहतावनपुरवा में रविवार को जल शक्ति के अंतर्गत किसान मेले का आयोजन हुआ। जिसमें वैज्ञानिकों ने जल संरक्षण के बारे में जानकारी दी। डॉ. रामप्रकाश ने प्रत्येक घर में जल बचत की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए प्रोत्साहित व पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। मृदा वैज्ञानिक डॉ.खलील खान ने फसलों में जल संरक्षण की बिधियों के बारे में बताया। डॉ अजय कुमार सिंह सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया। गृह वैज्ञानिक डॉ0 निमिषा अवस्थी ने जल बचत के बारे में चर्चा की। घर-घर में पोषण वाटिका लगाने को जागरूक किया।

वर्ष 16 अंक 310 पृष्ठ-8 मूल्य-1 रू0 कानपुर, सोमवार 14 नवम्बर 2022

कानपुर व औरैया से एक साथ प्रकाशित, लखनऊ, इलाहाबाद, बुंदेलखंड, फतेहपुर, इटावा, कन्नौज, मैनपुरी,ऐटा, हरदोई, उन्नाव,कानपुर देहात में प्रसारित

दैनिक नगर छाया

RNI N.UPHIN/2007/27090

आप की आवाज़.....

www.nagarchhaya.com

8 टीवी शोज में इस सप्ताह होंगे दिलचस्प ट्विस्ट्स

जल शक्ति के अंतर्गत किसान मेले का हुआ आयोजन

➤ **300 किसानों ने की सहभागिता**

कानपुर (नगर छाया समाचार)। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दलीपनगर के गांव सहतावनपुरवा में जल शक्ति के अंतर्गत विशाल किसान मेले का आयोजन किया गया। वैज्ञानिकों ने उपस्थित कृषकों को जल संरक्षण कार्यो के बारे में जानकारी दी केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ रामप्रकाश ने प्रत्येक घर में जल बचत की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए प्रोत्साहित व पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। मृदा वैज्ञानिक डॉ खलील खान ने फसलों में जल संरक्षण की बिधियों के बारे में बताते हुए जैविक खाद तथा फल संरक्षण के उपायों के बारे में चर्चा की। इसी प्रकार केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अजय कुमार सिंह सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। गृह वैज्ञानिक डॉक्टर निमिषा अवस्थी ने जल बचत के बारे में चर्चा की। इसके अलावा घर-घर में पोषण वाटिका लगाने हेतु महिलाओं का आवाहन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्री एसपी वर्मा ने कहा कि वैज्ञानिकों द्वारा बताई गई तरीकों को अपनाएं। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गौरव शुक्ला का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर लगभग 300 से अधिक महिलाओं ने सहभागिता की।

पुर

राष्ट्रीय सहारा

14/11/2022

किसानों-ग्रामीणों को जल संरक्षण के उपायों पर किया गया जागरूक

कानपुर (एसएनबी)। सीएसए कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के अधीन संचालित दलीपनगर कृषि विज्ञान केन्द्र के तत्वावधान में जल शक्ति योजना के तहत सहतावनपुरवा गांव में किसान मेला आयोजित कर जल संरक्षण के लिए किसानों को जागरूक किया गया।

किसान मेले में आये वैज्ञानिकों ने कृषकों को जल संरक्षण के महत्व को इंगित करते हुए उपायों की जानकारी दी। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक व अध्यक्ष डॉ.रामप्रकाश ने प्रत्येक घर में जल बचत की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए लोगों को प्रोत्साहित कर पर्यावरण बचाओ का संदेश दिया। मृदा वैज्ञानिक डॉ.खलील खान ने फसलों में जल संरक्षण की विधियों की जानकारी देने के साथ ही जैविक खाद के उपयोग के लिए किसानों को जागरूक किया। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.अजय कुमार सिंह व डॉ.निमिषा अवस्थी ने भी किसानों को जरूरी जानकारी दी। पूर्व जिला पंचायत सदस्य एसपी वर्मा ने किसानों को वैज्ञानिकों द्वारा बताये गये तौर-तरीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। मेले के आयोजन में गौरव शुक्ला ने सक्रिय योगदान दिया।

कृषकों को दी गयी जल संरक्षण कार्यों की जानकारी

कानपुर, 13 नवम्बर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दलीपनगर के गांव सहतावनपुरवा में जल शक्ति के अंतर्गत विशाल किसान मेले का आयोजन किया गया। वैज्ञानिकों ने कृषकों को जल संरक्षण कार्यों के बारे में जानकारी दी। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ रामप्रकाश ने प्रत्येक घर में जल बचत की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए प्रोत्साहित व पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। मृदा वैज्ञानिक डॉ खलील खान ने फसलों में जल संरक्षण की विधियों के बारे में बताते हुए जैविक खाद तथा फल संरक्षण के उपायों के बारे में चर्चा की। इसी प्रकार केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अजय कुमार सिंह सरकार ने संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। गृह वैज्ञानिक डॉ. निमिषा अवस्थी ने जल बचत के बारे में चर्चा की। इसके अलावा घर-घर में पोषण वाटिका लगाने हेतु महिलाओं का आह्वान किया।